विस्तृत विज्ञापन

# जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

**ग्राम मदाऊ, पोस्ट–भांकरोटा, जयपुर–302026**

**विज्ञापन संख्या :– 02/2013 दिनांक : 17.12.2013**

विश्वविद्यालय द्वारा राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय लिपिकवर्गीय सेवा नियम, 1999 के अन्तर्गत कनिष्ठ लिपिक/लिपिक ग्रेड II की सीधी भर्ती के पदों पर प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से पात्र आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं–

**ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया–** ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय की बेबसाइट www.jrrsanskrituniversity.ac.in एवं http://jrrsu.onlinerecruit.net पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से किया जा सकता है।

***नोट–***

1. आवेदक ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व निर्धारित राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट तैयार करवाकर, फोटो एवं हस्ताक्षर को स्केन कर निर्धारित साइज में तैयार कर व आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्रों का विवरण साथ रखें।
2. आवेदक अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र को अंतिम रूप से अपलोड करने से पूर्व भरी गई सभी प्रविष्ठियों की जांच कर आश्वस्त हो लें कि सभी प्रविष्ठियां सही–सही भरी गई हैं। आवेदन पत्र में सुधार हेतु कोई पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।
3. अभ्यर्थी आवश्यक रूप से अपना आवेदन पत्र क्रमांक नोट कर लें ताकि आवेदन से संबंधित सूचना प्राप्त करने में सुविधा हो।
4. आवेदन पत्र को अंतिम रूप देकर सबमिट करने के पश्चात् आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी के साथ निर्धारित फीस का डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं संबंधित शैक्षणिक दस्तावेज स्वयं द्वारा सत्यापित संलग्न कर अंतिम तिथि तक विश्वविद्यालय में पहुंच जाने चाहिए। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। विश्वविद्यालय में भेजे जाने वाले आवेदन पत्र, डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं दस्तावेजों की एक प्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें। साथ ही अपलोड की गई फोटो की एक फोटो भी प्रवेश/अनुमति पत्र में उपयोग लेने हेतु सुरक्षित रखें।
5. ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट करने के पश्चात् अभ्यर्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नं. पर एसएमएस एवं ईमेल आईडी पर ई–मेल के माध्यम से आई डी एवं पासबर्ड भेजा जावेगा जिससे आवेदक अपना भरा हुआ आवेदन पत्र पुन देख सकेगा एवं प्रिन्ट कर सकेगा।
6. अंतिम तिथि के पश्चात् आवेदन पत्र में संशोधन करने इत्यादि का अधिकार किसी भी आवेदक को नहीं होगा एवं अंतिम तिथि के पश्चात् कोई भी दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं किया जा सकेगा। अतः अभ्यर्थी आवेदन पत्र विश्वविद्यालय को प्रेषित करते समय सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर भिजवाये।

## पदनाम– कनिष्ठ लिपिक/लिपिक ग्रेड–II

***आवश्यक नोट :–*** *राज्य सरकार द्वारा भर्ती नियमों में यदि कोई संशोधन होता है तो यह परीक्षा उसके अनुसार आयोजित की जाएगी।*

**पदों की संख्या** – 06

| कुल पद | अनारक्षित | अनुसूचित जाति वर्ग | | अनुसूचित जनजाति वर्ग | | अन्य पिछडा वर्ग | | विशेष योग्यजन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | महिला | सामान्य | महिला | सामान्य | महिला | |
| 06 | 01 | 01 | 01 | 01 | – | – | 01 | 01 |

*नोट– आरक्षण राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार नियमानुसार देय होगा।*

**वेतनमान–** रनिंग पे बैण्ड–1 (5200–20200) ग्रेड पे रूपये 2400/–

(परिवीक्षा अवधि में नियत समेकित पारिश्रमिक रूपये 7900/– प्रतिमाह देय होगा)

नोट– उक्त पदों हेतु दो वर्ष के लिए परिवीक्षाधीन अवधि (Probation period) पर नियुक्ति की जायेगी एवं राज्य सरकार के आदेशानुसार परिवीक्षाकाल में स्थिर पारिश्रमिक (Fixed Remuneration) का भुगतान किया जायेगा। परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने के पश्चात् नियमानुसार निर्धारित वेतनमान, ग्रेड पे एवं भत्ते देय होंगे। परिवीक्षाधीन अवधि में वार्षिक वेतनवद्धि देय नहीं है। नियुक्त होने वाले कार्मिकों पर राज्य सरकार में दिनांक 01.01.2004 से प्रभावी नवीन अंशदायी पेंशन योजना लागू रहेगी तथा अन्य प्रावधान राजस्थान सेवा नियम/विश्वविद्यालय में प्रभावी प्रावधान लागू होंगे।

**शैक्षणिक योग्यता –**

A. Senior Secondary from a recognised Board or its equivalent examination,

And

B. "O" or Higher Level Certificate Course conducted by DOEACC under control of the Department of Electronics, Government of India.

Or

Computer operator & Programming Assistant (COPA)/Data Preparation and Computer Software (DPCS) certificate organised under National/ State Council of Vocational Training Scheme.

Or

Diploma in Computer Science/Computer Applications from a University established by law in India or from an institution recognised by the Government.

Or

Diploma in Computer Science & Electronics/Information Technology from a polytechnic institution recognised by the Government.

Or

Rajasthan State Certificate Course in Information Technology (RS-CIT) conducted by Verdhaman Mahaveer Open University, Kota under control of Rajasthan Knowledge Corporation Limited,"

*नोटः–*

1. आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी सम्बन्धित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें।
2. उक्त पदों की अपेक्षित शैक्षणिक अर्हता के अंतिम वर्ष में सम्मिलित हुआ हो या सम्मिलित होने वाला व्यक्ति भी आवेदन करने के लिये पात्र होगा परन्तु पात्रता की योग्यता ऑनलाइन आवेदन की अंतिम दिनांक 17.01.2014 को होना आवश्यक होगा। अतः उक्त तिथि को निर्धारित न्यूनतम अर्हता/योग्यता रखने/प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी ही आवेदन करें, अन्यथा वह चयन योग्य मान्य नहीं होगा। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् ही अभ्यर्थियों की पात्रता/योग्यता एवं दस्तावेजों की जांच की जावेगी। अपात्र होने व गलत सूचनाऐं प्रस्तुत करने की स्थिति में संबंधित आवेदन की अभ्यर्थिता निरस्त योग्य होगी। अतः अपात्र आवेदक आवेदन नहीं करें।
3. आवेदक के दिनांक 01.06.2002 को या उसके पश्चात् दो से अधिक बच्चे होने पर सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा,)

**आवेदन शुल्क–** 500/– अनु.जाति/अनु.जनजाति/समस्त विशेष योग्यजन अभ्यर्थी
1000/– अन्य वर्गों के अभ्यर्थी

आवेदन शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट ''कुलसचिव, ज.रा.रा.सं.वि.वि., जयपुर'' (Registrar, JRRSU, Jaipur) के नाम आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी के साथ विश्वविद्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रस्तुत करावें। डिमाण्ड ड्राफ्ट ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 17.01.2013 का अथवा इससे पूर्व का होना चाहिए। इसके पश्चात् जारी डिमाण्ड ड्राफ्ट स्वीकार नहीं होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट के पृष्ठ भाग में आवेदक अपना आवेदन क्रमांक एवं नाम व पता अंकित करें।

**आयु–** दिनांक 01.01.2014 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष से कम।

**आयु सीमा में छूट :–** पद की विहित आयु सीमा में निम्नानुसार छूट होगीः–

(1) ऊपर उल्लिखित उच्चतम आयु सीमा में निम्नानुसार छूट देय है–

| क्र. सं. | अभ्यर्थियों का वर्ग | | अधिकतम आयु में देय छूट (वर्षों में) |
|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग/विशेष पिछड़ा वर्ग के पुरूष | | 5 |
| 2. | राजस्थान की अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग/विशेष पिछड़ा वर्ग की महिला | | 10 |
| 3. | सामान्य वर्ग की महिला | | 5 |
| 4. | विधवा एवं विछिन्न विवाह (परित्यक्ता) महिला | | अधिकतम आयु सीमा नहीं |
| 5. | विशेष योग्यजन | सामान्य | 10 |
| | | पिछड़ा/विशेष पिछडा वर्ग | 13 |
| | | अनु.जाति/अनु.जनजाति | 15 |
| नोट :– राजस्थान विशेष योग्यजन व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार, संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) नियम, 2011 के नियम 39 में प्रावधान इस प्रकार हैः–"Provided that in cases of exceptional hardship the State Government may further relax the age limit." | | | |

नोटः—''उक्त प्रावधान में दिए गए अधिकतम आयु सीमा में देय छूट से सम्बन्धी प्रावधानों में तत्सम्बन्धी आरक्षित वर्गों के वर्गीकरण की परिवर्तनीय स्थिति में नियमानुसार छूट देय होगी। यदि किसी वर्ग में पद आरक्षित नहीं हुए तो उस वर्ग के अभ्यर्थियों को उक्त प्रावधान के अन्तर्गत अधिकतम आयु सीमा में छूट देय नहीं होगी।''

(2) भूतपूर्व कैदी जो दण्डित होने से पूर्व इस राज्य सरकार के अधीन किसी पद पर मौलिक (Substantive) रुप से कार्य कर चुका हो और इन नियमों के तहत नियुक्ति के योग्य था, के मामले में अधिकतम आयु सीमा लागू नहीं होगी।

(3) अन्य भूतपूर्व कैदी जो दण्डित होने से पूर्व वयोत्तर नहीं था और इन नियमों के तहत नियुक्ति के योग्य था, के मामले में कारावास में व्यतीत की गई अवधि के बराबर छूट होगी।

(4) भूतपूर्व सैनिकों के लिए ऊपरी आयु सीमा 50 वर्ष होगी परन्तु सैन्य क्रास/वीर चक्र या कोई अन्य उच्च विशेष योग्यता धारकों की दशा में उच्च आयु सीमा 2 वर्ष तक शिथिल करने योग्य होगी ।

(5) एनसीसी कैडेट प्रशिक्षकों के मामले में उपरिवर्णित अधिकतम आयु सीमा में उनके द्वारा एनसीसी में की गई सेवा की कालावधि के बराबर छूट दी जायेगी और यदि पारिणामिक आयु विहित अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो तो उन्हें विहित आयु सीमा में ही समझा जायेगा।

(6) कीनिया, तंजानिया, उगान्डा और जंजीवार के पूर्वी अफ्रीकी देशों से स्वदेश प्रत्यावर्तित व्यक्ति के मामले में कोई आयु सीमा नहीं होगी।

(7) राजस्थान राज्य के कारोबार में सस्थाई (Substantive) रुप से सेवारत व्यक्तियों के मामलों में आयु सीमा 40 वर्ष होगी तथा पंचायत समितियों तथा जिला परिषदों और राज्य के पब्लिक सैक्टर उपक्रमों/निगमों के कार्यकलापों के संबंध में स्थाई रुप सेवारत व्यक्तियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष होगी।

(8) सन् 1971 में हुये भारत पाक युद्ध के मध्य पाकिस्तान से स्वदेश प्रत्यावर्तित व्यक्तियों के मामले में कोई आयु सीमा लागू नहीं होगी।

(9) The upper age-limit for the Ex-service Personnel and the reservists, namely the Defence Service Personnel transferred to the reserve shall be 50 years.

नोट — उपरोक्त पैरा के प्रावधान 02 से 09 पर वर्णित आयु सीमा में छूट के प्रावधान "Non Cumulative" है, अर्थात अभ्यर्थियों को उपरोक्त वर्णित किसी भी एक प्रावधान का अधिकतम आयु सीमा में छूट को लाभ दिया जायेगा। एक से अधिक प्रावधानों को जोड़ कर छूट का लाभ नहीं दिया जायेगा।

**परीक्षा की स्कीम और पाठ्य विवरण :—**

The online Competitive Examination shall include the following papers and each paper shall carry the number of marks as shown as under:

**PAPERS**
**PHASE-I**

प्रथम प्रश्न पत्र

**Part A:** General Knowledge, Everyday Science, **Part B -**Mathematics

**Duration:** 1.30 Hours
**Total Marks:** 90

द्वितीय प्रश्न पत्र

**Part A** : General Hindi **Part B:** General English

**Duration:** 1.30 Hours
**Total Marks:** 90

(ऑनलाइन परीक्षा में प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा हेतु निर्धारित समय पूर्ण होने पर स्वतः ही लॉक हो जाएगी एवं इसके पश्चात् द्वितीय प्रश्न पत्र की परीक्षा आरम्भ होगी। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना प्रश्न पत्र निर्धारित समय में पूर्ण करने का ही प्रयास करें। )

**PHASE-II**

I- For candidates other than persons with disabilities:-

1- Type – writing in Hindi on Computer

| | **Duration** | **Marks** |
|---|---|---|
| (a) Speed Test | 10 Minutes | 25 |
| (b) Efficiency Test | 10 Minutes | 25 |
| 2- Type-writing in English on Computer | | |
| (a) Speed Test | 10 Minutes | 25 |
| (b) Efficiency Test | 10 Minutes | 25 |

II-Person with disabilities will be given the average marks obtained by them in Phase-I.

**Explanation :-**

1 "Persons with disabilities" means a person who is eligible for appointment on the post of Clerk Gr.-II under the provisions of the Rajasthan Employment of the persons with Disabilities Rules, 2000 (Amended as the Persons With Disabilities (Equal Opportunities, Protection of Rights and Full Participation) Rules, 2011)

2 In proof of being so disabled, the candidate shall be required to submit a certificate issued by an officer not below the rank of Chief Medical and Health Officer at the time of submitting his application to the University for appearing in the examination.
3 The standard of the papers will be that of the Secondary Examination of the Board of Secondary Education, Rajasthan.
4 The Competitive Examination will be held in two phases-Phase-I and Phase-II. All the papers of Phase-I will be of objective type.
5 The marks obtained by a candidate in the Phase-I and Phase-II of the examination will be counted for determining their final order of merit.
6 It will be necessary for a candidate to do typing work on the computer

***नोटः– परीक्षा के फेज प्रथम के प्रत्येक प्रश्न पत्र में एवं फेज द्वितीय के कम्प्यूटर पर हिन्दी एवं अंग्रेजी की टाइपिंग की प्रत्येक स्पीड (न्यूनतम स्पीड 20 शब्द/मिनट) व दक्षता परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है।***

**अनापत्ति– प्रमाण पत्र के संबंध में–**

सभी आवेदक चाहे वे पहले से सरकारी नौकरी में हो या सरकारी औद्योगिक उपक्रमों में हों या इसी प्रकार से अन्य संगठनों में या गैर सरकारी संस्था में नियुक्त हों, आवेदन विभाग को सीधे ही ऑनलाईन भेजने चाहिए। विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम दिनांक के पश्चात् ऑनलाइन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। भले ही आवेदक द्वारा नियोक्ता को अंतिम दिनांक से पूर्व प्रस्तुत कर दिया गया हो। जो आवेदक पहले से कार्यरत हैं उन्हें अपने नियोक्ता को इस परीक्षा के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करने से पूर्व ही लिखित में सूचित कर स्वीकृति प्राप्त कर लेनी चाहिए। यदि नियोक्ता द्वारा विभाग को आवेदक द्वारा सूचना/अनुमति नहीं दिये जाने की अथवा आवेदक को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दिये जाने के संबंध में सूचित किया जाता है तो आवेदक की अभ्यर्थिता तुरन्त प्रभाव से रद्द की जा सकती है।

**आवेदन तिथि –**

आवेदन 18.12.2013 से दिनांक 17.01.2014 रात्रि 12–00 बजे तक के मध्य भरे जा सकेंगे (इसके पश्चात बेवसाइट का् लिंक निष्क्रिय हो जाएगा)। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी मय निर्धारित शुल्क के डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं संबंधित शैक्षणिक योग्यता दस्तावेज स्वयं द्वारा सत्यापित सहित विश्वविद्यालय कार्यालय में दिनांक 31.01.2014 तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक/व्यक्तिशः सांय 5.00 बजे तक विश्वविद्यालय कार्यालय में प्राप्त हो जाने चाहिए। अंतिम तिथि पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम दिनांक का इन्तजार किए बिना समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

**परीक्षा का माह एवं स्थान–** कनिष्ठ लिपिक पद की परीक्षा फरवरी 2014 में जयपुर में संभावित है जिसकी तिथि शीघ्र ही घोषित कर दी जाएगी। अतः विश्वविद्यालय वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें।

**अन्य बिन्दु व सूचना :–**

1. समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान विश्वविद्यालय, ग्राम मदाऊ, पोस्ट भांकरोटा, जयपुर–302026 को सम्बोधित किया जाए।
2. समस्त प्रकरणों में न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।
3. विज्ञापित पद को भरने अथवा न भरने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है। पदों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि करने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा।
4. संवीक्षा परीक्षा, टंकण परीक्षा में उपस्थित होने हेतु किसी भी आवेदक को TA/DA का भुगतान नहीं किया जावेगा। अभ्यर्थियों को स्वयं के खर्चे पर आना होगा।
5. ऑनलाइन परीक्षा (फेज–प्रथम) में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर योग्यता क्रमानुसार कम्प्यूटर पर गति परीक्षण एवं दक्षता परीक्षण हेतु रिक्तियों के 20–गुने के बराबर पात्र अभ्यर्थियों को बुलाया जावेगा।
6. अभ्यर्थियों से निवेदन है कि समय–समय पर विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.jrrsanskrituniversity.ac.in का अवलोकन करते रहें। उक्त पदों से संबंधित नवीनतम सूचनाऐं समय–समय पर विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड कर दी जावेंगी। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/ सूचना/स्पष्टीकरण हेतु व्यक्तिगत अथवा दूरभाष संख्या 0141–5132005 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

कुलसचिव

**JAGADGURU RAMANANDACHARYA SANSKRIT UNIVERSITY, JAIPUR**
**SYLLABUS FOR THE POST OF**
**CLERK GRADE II**
**फेज–प्रथम**
**ऑनलाइन परीक्षा का पाठ्य विवरण**
**CLERK GRADE II**

## प्रथम प्रश्न पत्र

### PART-A

### सामान्य ज्ञान (GENERAL KNOWLEDGE)

1 सामयिक मामले (सम्बन्ध) – राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर की प्रमुख घटनाएँ एवं मुद्दे तथा सम्बन्धित संगठन एवं संस्थाएँ ।

2 भूगोल एवं प्राकृतिक संसाधन : (अ) भारत की पारिस्थितिकी एवं वन्य प्राणी (ब) राजस्थान की भौतिक दशाएँ – जलवायु, वनस्पति एवं मृदा, प्रमुख भौतिक विभाग, मानव संसाधन – जनसंख्या एवं जनजातियाँ, राजस्थान के प्राकृतिक संसाधन – खनिज, वन, जल, पशु। वन्य प्राणी एवं संरक्षण ।

3 राजस्थान में कृषि एवं आर्थिक विकास – राजस्थान की प्रमुख फसलें, कृषि आधारित उद्योग, प्रमुख सिंचाई परियोजनाएँ, मरू भूमि के विकास सम्बन्धी परियोजनाएँ, हस्त उद्योग। विभिन्न आर्थिक योजनाएँ, कार्यक्रम एवं विकास की संस्थाएँ इनमें पंचायती राज एवं उनकी भूमिका।

4 राजस्थान का इतिहास एवं संस्कृति –
(अ) मध्यकालीन इतिहास ।
(ब) स्वतन्त्रता आन्दोलन एवं राजनैतिक चेतना ।
(स) राजनैतिक पुनःर्गठन ।
(द) लोक भाषाएँ (बोलियाँ) एवं साहित्य ।
(य) लोक संगीत एवं लोक नृत्य ।
(र) सन्त,कवि, योद्धा, लोक देवता एवं लोक देवियाँ एवं साम्प्रदायिक सौहार्द ।
(ल) मेले एवं त्यौहार, रीति रिवाज, वेशभूषा तथा आभूषण ।

5 राजस्थान का औद्योगिक विकास –
(अ) प्रमुख उद्योग एवं औद्योगिक क्षेत्र ।
(ब) कच्चे माल की उपलब्धता ।
(स) खनिज आधारित बडे, छोटे एवं कुटीर उद्योग ।
(द) ऊर्जा के विभिन्न स्त्रोत – जल विद्युत, तापीय, अणु, पवन एवं सौर ऊर्जा ।

### दैनिक विज्ञान (EVERYDAY SCIENCE)

1 भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन (Physical and Chemical Changes): ऑक्सीकरण एवं अपचयन अभिक्रियाएँ ;Oxidation and reduction reactions); उत्प्रेरक (Catalysts) |

2 धातु, अधातु एवं इनके प्रमुख यौगिक (Metals, non-metals and their important compounds); सामान्य जीवन में प्रयुक्त कुछ महत्वपूर्ण यौगिक (Some important compounds used in daily life) |

3 कार्बन तथा कार्बन के महत्वपूर्ण यौगिक (Carbon and important compounds of carbon); हाईड्रोकार्बन (Hydrocarbons); कार्बन के अपररूप (Allotropes of carbon); क्लोरो –फ्लुओरो कार्बन या फ्रियॉन (Chloro-Fluoro Carbon or Freons); सी.एन.जी. (Compressed Natural Gas); बहुलक (Polymers); साबुन एवं अपमार्जक (Soap and detergents) |

4 प्रकाश का परावर्तन व इसके नियम (Reflection of light and its laws); प्रकाश का वर्ण विक्षेपण (Dispersion of light); लेंस के प्रकार (Types of lenses); दृष्टि दोष तथा उसका निवारण (Defects of vision and their corrections) |

5 विद्युत (Electricity) : विद्युत धारा (Electric current); ओम का नियम (Ohm's law); विद्युत सेल (Electric cell); फैराडे के विद्युत चुम्बकीय–प्रेरण के नियम (Faraday's laws of electro magnetic induction); विद्युत जनित्र (Electric generator); विद्युत मोटर (Electric Motor); घरों में विद्युत संयोजन व्यवस्था (Electric connection arrangements in houses); घरों में काम आने वाली विद्युत युक्तियों की कार्यविधि, रख–रखाव एवं उपयोग में लेते समय सावधानियाँ – (Working, maintenance and precautions during use of house hold electrical appliances) |

6 अंतरिक्ष एवं सूचना प्रौद्योगिकी (Space and information technology); भारत का अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रम ;Space research programme of India); सूचना प्रौद्योगिकी (Information technology) |

7 आनुवंशिकी से सम्बन्धित सामान्य शब्दावली (General terminology related to genetics); मेण्डेल के आनुवंशिकता के नियम (Mental's law of inheritance); गुणसूत्रों की संरचना (Structure of Chromosomes); न्यूक्लिक अम्ल (Nucleic Acids); प्रोटीन संश्लेषण का केन्द्रीय सिद्धान्त (Central dogma of protein synthesis); मनुष्य में लिंग निर्धारण (Sex determination in human) ।

8 पर्यावरण अध्ययन (Environmental study) : पारिस्थितिक तन्त्र की संरचना (Structure of ecosystems); पारिस्थितिक तन्त्र के जैविक घटक (Biotic factors of ecosystem); पारिस्थतिक तंत्र में ऊर्जा प्रवाह (Energy flow in ecosystem); जैव भू रसायनिक चक्र (Biogeochemical cycles); जैव प्रौद्योगिकी : सामान्य जानकारी (Biotechnology –General information); जैव–पेटेन्ट (Bio-patent); नई पादप किस्मों का परिवर्धन (Development of new plant varieties); ट्रांसजेनिक जीन या पराजीनी जीव (Transgenic organisms) ।

9 जन्तुओं का आर्थिक महत्व (Economic importance of animals); पादपों का आर्थिक महत्व (Economic importance of plants) ।

10 रक्त समूह (Blood groups); रक्ताधान (Blood transfusion); आर.एच.कारक (Rh factor) । रोगाणु तथा मानव स्वास्थ्य (Pathogens and human health); कुपोषण तथा मानव स्वास्थ्य (Malnutrition and human health) । मानव रोगः कारण एवं निवारण (Human disease : Causes and cures) ।

* * * **

## प्रथम प्रश्न पत्र
### PART-B
### गणित (MATHEMATICS)

1 वैदिक विधि से पूर्ण संख्याओं का वर्ग, घनफल, वर्गमूल, घनमूल (6 अंकों की संख्याओं तक) ।

2 गुणनखण्ड, बहुपद के गुणनखण्ड, समीकरण, दो चरों वाले रैखिक समीकरण, द्विघात समीकरण, लघुगणक ।

3 अनुपात–समानुपात, प्रतिशतता, लाभ–हानि, साझा, सरल ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज, बट्टा ।

4 एक बिन्दु पर बनने वाले कोण एवं रेखाएँ, सरल रैखीय आकृतियाँ, त्रिभुजों की सर्वांगसमता, समरूप त्रिभुज, कार्त्तीय निर्देशांक पद्धति, दो बिन्दुओं के मध्य दूरियाँ, दो बिन्दुओं के मध्य दूरियों का आन्तरिक एवं बाह्य विभाजन ।

5 समतल आकृतियों का क्षेत्रफल, वृत्त की परिधी एवं क्षेत्रफल, घन, घनाभ, गोले, शंकु तथा बेलन के पृष्ठीय क्षेत्रफल एवं आयतन।

6 कोण एवं उनके माप, न्यून कोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात, त्रिकोणमितीय सर्वसमिकाएँ, ऊँचाई–दूरी की सामान्य समस्याएँ ।

7 आँकड़ों का चित्रों द्वारा निरूपण, केन्द्रीय प्रवृति के माप, माध्य विचलन, जन्म मृत्यु सांख्यिकी एवं सूचकांक ।

* * * **

**PATTERN OF QUESTION PAPERS :**

1. Objective Type Question Paper.
2 Maximum Marks : 90
3 Number of Questions : 90 (45 Questions G.K.& Everyday Science, 45 Questions Maths)
4 Duration of Paper : 1.30 Hours.
5 All Questions carry equal marks.
6 There will be No Negative Marking.

* * * **

## द्वितीय प्रश्न पत्र

### PART-A

### सामान्य हिन्दी (GENERAL HINDI

- संधि और संधि विच्छेद ।
- सामासिक पदों की रचना और समास–विग्रह ।
- उपसर्ग ।
- प्रत्यय ।
- पर्यायवाची शब्द ।
- विपरीतार्थक (विलोम) शब्द ।
- अनेकार्थक शब्द ।
- शब्द – युग्म ।
- संज्ञा शब्दों से विशेषण बनाना ।
- शब्द – शुद्धि : अशुद्ध शब्दों का शुद्धीकरण और शब्दगत अशुद्धि का कारण ।
- वाक्य – शुद्धि : अशुद्ध वाक्यों का शुद्धीकरण और वाक्यगत अशुद्धि का कारण ।
- वाच्य : कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य और भाववाच्य प्रयोग ।
- क्रिया : सकर्मक, अकर्मक और पूर्वकालिक क्रियाएँ ।
- वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द ।
- मुहावरे और लोकोक्तियाँ ।
- अँग्रेजी के पारिभाषिक (तकनीकी) शब्दों के समानार्थक हिन्दी शब्द ।
- सरल, संयुक्त और मिश्र अँग्रेजी वाक्यों का हिन्दी में रूपान्तरण और हिन्दी वाक्यों का अँग्रेजी में रूपान्तरण ।
- कार्यालयी पत्रों से सम्बन्धित ज्ञान ।

* * * **

## द्वितीय प्रश्न पत्र

### PART-B

### GENERAL ENGLISH

- Tenses/Sequence of Tenses.
- Voice : Active and Passive.
- Narration : Direct and Indirect.
- Transformation of Sentences : Assertive to Negative, Interrogative, Exclamatory and vice-versa.
- Use of Articles and Determiners.
- Use of Prepositions.
- Translation of Simple (Ordinary/Common) Sentences from Hindi to English and vice-versa.
- Correction of sentences including subject, Verb, Agreement, Degrees of Adjectives, Connectives and words wrongly used.
- Glossary of official, Technical Terms (with their Hindi Versions).
- Synonyms.
- Antonyms.
- One word substitution.
- Forming new words by using prefixes and suffixes.
- Confusable words.
- Comprehension of a given passage.
- Knowledge of writing letters : Official, Demi Official, Circulars and Notices, Tenders.

**PATTERN OF QUESTION PAPERS :**

1. Objective Type Question Paper.
2 Maximum Marks : 90
3 Number of Questions: 90 (45 Questions Gen. Hindi , 45 Questions Gen. English)
4 Duration of Paper : 1.30 Hours.
5 All Questions carry equal marks.
6 There will be No Negative Marking.

* * * **